Title: Need to provide stoppage of Rajdhani Express running between Delhi and Ahmedabad at Palanpur, Gujarat. -- Laid.

श्री हरिभाई चौधरी (बनासकांठा): अध्यक्ष महोदय, दिल्ली से अहमदाबाद के बीच चलने वाली राजधानी रेल सेवा का कोई स्टापेज गुजरात में नहीं है जबकि यह रेल सेवा राजस्थान में तीन जगह पर रूकती है। उत्तर गुजरात एवं गांधी धाम के लोगों को इस रेल सेवा से कोई फायदा नहीं पहुंच रहा है। अहमदाबाद और दिल्ली के बीच इसके सफर का समय कम निर्धारित किया गया है जबकि यह इससे पहले पहुंच सकती है। समय का निर्धारण अधिक होने से यह गाड़ी बहुत धीमी गति से चलती है क्योंकि अपने निर्धारित समय से पहले रेलगाड़ी पहुंचे तो समय सारणी का पालन नहीं हो पाता है। इन दोनों के कारण इसको पालनपुर में दो मिनट के लिए रोका जा सकता है, जिससे गांधी धाम और उत्तर गुजरात के लोग इसका फायदा उठा सकते हैं।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध हे कि दिल्ली-अहमदाबाद के बीच राजधानी रेल सेवा का स्टापेज पालनपुर किया जाये और इसकी समय सारणी में सुधार करके इसकी गति को तेज किया जाये।